प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ज्योली गांव के कृषकों को प्रशिक्षित किया

पंतनगर 23 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित परियोजना द्वारा पहली परियोजना जिसका शीर्षक 'उत्तराखंड के मध्य–पहाड़ियों में कृषक समुदाय की आजीविका के अवसरों को बढ़ाना' है। के अन्तर्गत ग्रांम ज्योली विकास खंड भीमताल, जनपद नैनीताल के कृषकों को शहद प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सह प्राध्यापक खाद्य एवं प्रौद्य ोगिक विभाग, डा. अनिल कुमार ने कृषकों को मौन प्रसंसकरण की विधि एवं मोम शीट बनाने की विधि बताई गयी। इस परियोजना के अन्तर्गत ज्योली गांव के कृषकों को विगत 4 वर्षो से लगातार व्यवसायिक मौन पालन विधि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कृषकों में काफी रूचि दिखाई जा रही है और कृषकों को इस परियोजना से काफी लाभ प्राप्त हो रहा है साथ ही ज्योली गांव के सब्जी उत्पादक कृषकों को व्यवसायिक खेती हेतु विश्वविद्यालय के उन्नत किस्म के बीज भी उपलब्ध कराकर सब्जी की खेती कराई जा रही, जिससे कृषकों की आय में काफी वृद्दि हो रही है। सहायक प्राध्यापक, कृषि संचार विभाग, डा. किरन राना ने सब्जी उत्पादकों को सब्जी उत्पादन विधि की जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षाणार्थियों को जानकारी देते वैज्ञानिक।